उत्तर प्रदेश शासन
कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3
संख्या-530/2025/379 के-2 /22-3-25-17(1474)/2023
लखनऊ: दिनांक: 21 नवम्बर, 2025

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत का संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कारागार, बुलन्दशहर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रामभूल सिंह (बन्दी संख्या-843/2018) पुत्र श्री रणसिंह, निवासी ग्राम-पीपाला, थाना-औरंगाबाद, जनपद-बुलन्दशहर, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-486/1981 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 307/34 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नं0-04, बुलन्दशहर के दण्डादेश दिनांक 31.05.1982 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, जिसकी अपील मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश दिनांक 31.07.2018 द्वारा निर्णीत करते हुए उक्त सजा को यथावत रखा गया, की दिनांक 12.02.2023 तक आयु 74 वर्ष, 02 माह, 27 दिन होने, संतोषजनक जेल आचरण के दृष्टिगत शेष सजा का परिहार करते है तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बंदी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

कमलेश कुमार
उप सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- **निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।**
2- **निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 राज्यमंत्री जी के सूचनार्थ।**
3- **पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।**
4- **जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर।**
5- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलन्दशहर।**
6- **अधीक्षक, जिला कारागार, बुलन्दशहर।**
7- **कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।**
8- **गार्ड फाइल।**

आज्ञा से,
अनीस अख्तर अंसारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in